कार्यालय पंजीयक, शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक :– शिविरा/प्राशि/पंविप/5वीं–8वीं/विविध/2025 दिनांक :– यथा ई हस्ताक्षर

परीक्षा – अतिआवश्यक

विशेष अवसर

प्राचार्य,
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
समस्त, राजस्थान ।

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
समस्त, राजस्थान।

विषय :– **प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण–पत्र (कक्षा–8) परीक्षा, 2026 एवं प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन (कक्षा–5), 2026 के जारी परीक्षा परिणाम में रोके गये परीक्षार्थी के ऑनलाईन सत्रांक प्रविष्टि हेतु विशेष अवसर के संबंध में ।**

प्रसंग :– **श्रीमान निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर के पत्रांक : दिनांक – 05.02.2026 (राजकाज क्रमांक – 20280231 तथा 20280250) तथा इस कार्यालय के समसंख्यक पत्रांक : दिनांक : 24.12.2025 (राजकाज. रेफ.नं.– 19575645) के क्रम में।**

संदर्भ :– **पंजीयक कार्यालय का समसंख्यक पत्र दिनांक : 23.02.2026 (राजकाज. रेफ.नं.– 20696835) एवं दिनांक : 10.02.2026 (राजकाज. रेफ.नं.– 20456850) में प्रदत्त निर्देशों की निरन्तरता में।**

उपर्युक्त विषयांतर्गत, प्रसंगानुसार एवं संदर्भित पत्रों के क्रम में लेख है कि प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण–पत्र (कक्षा–8) परीक्षा, 2026 एवं प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन (कक्षा–5), 2026 के लिए मुख्य परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम दिनांक – 24.03.2025 को जारी किये जा चुके है। **उक्त परिणामों में कक्षा 8 के कुल 2209 परीक्षार्थियों एंव कक्षा 5 के 4371 परिक्षार्थियों के परिणाम विभिन्न कारणों से रोके गये है। इनमें से अधिकाशं परिणाम विद्यालयों द्वारा सम्बन्धित परिक्षार्थी के सत्रांक अपलोड नही किये जाने के कारण रोके गये हैं।**

विद्यार्थी–हितों को ध्यान में रखते हुए उक्त परीक्षार्थियों हेतु विभागीय पोर्टल पर विद्यालय लॉगिन से ऑनलाईन सत्रांक प्रविष्टि मॉड्यूल प्रारम्भ करते हुए, **दिनांक : 25.03.2026 से 01.04.2026 रात्रि 11:59 बजे तक विशेष अवसर प्रदान किया जा रहा है।** अतः समस्त संस्थाप्रधान कक्षा 8 एवं कक्षा 5 हेतु उक्त अंतिम विशेष अवसर के अध्यधीन संबंधित विद्यालयों के रोके गये परीक्षा परिणाम के दृष्टिगत परीक्षार्थियों के वंचित विषयों हेतु सत्रांक प्रविष्टि उक्त अवधि में अनिवार्यतः पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। सत्रांक प्रविष्टि का कार्य उक्त अंतिम तिथि तक पूर्ण न किये जाने पर यदि किसी परीक्षार्थी का परीक्षा परिणाम जारी नहीं हो पाता है तो समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित संस्थाप्रधान की निर्धारित की जावेगी।

ऐसे परीक्षार्थी जिनके अंक प्रविष्टि के अभाव में/त्रुटिवश अन्य कारणों से परिणाम जारी नहीं हो सके हैं, के निर्धारित प्रक्रिया अनुसार पूर्ण प्रकरण, युक्तियुक्त कारण उल्लेखन सहित डाईट स्तर से समेकित किये जाकर इस कार्यालय को केवल जरिए ई–मेल अग्रेषित किये जावें। इस क्रम में सुलभ संदर्भ हेतु कक्षा–5 व कक्षा–8 में रोके गए परिणाम वाले परीक्षार्थियों की जिलेवार सूची एम.एस.एक्सेल फॉर्मेट में उपलब्ध करवाई जा रही है।

उक्त कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

संलग्न – उपर्युक्तानुसार।

पंजीयक
शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ
राजस्थान, बीकानेर

Signature valid
Digitally signed by Sheeshram Kulhari
Designation : Deputy Director
Date: 2026.03.25 16:51:18 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 21260044

क्रमांक :– शिविरा/प्राशि/पंविप/5वीं–8वीं/विविध/2025 **दिनांक :– यथा ई हस्ताक्षर**

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –

1. निजी सचिव, निदेशक, माध्यमिक/प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
2. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी. शिक्षा संकुल, जयपुर ।
3. संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा, संभाग, समस्त।
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी समस्त को प्रभावी प्रबोधन हेतु।
5. जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) मा.शि./प्रा.शि. को प्रभावी प्रबोधन हेतु।
6. पी.ई.ई.ओ./यूसीईईओ समस्त।
7. समस्त संस्थाप्रधान राजकीय/गैर राजकीय।
8. रक्षित पत्रावली ।

पंजीयक
शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ
राजस्थान, बीकानेर

Signature valid

Digitally signed by Sheeshram Kulhari
Designation : Deputy Director
Date: 2026.03.25 16:51:18 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
21260044